SHREE MUMBADEVI MANDIR CHARITIES

Bombay Public Trust Reg. No. A-929 (Bom.)

Shree Mumbadevi Mandir, Mumbadevi Road, Mumbai - 400 002
Tel : +91 22 2242 4974 • E-mail : mumbadevimandir@yahoo.co.in

TRUSTEES

Ashok L. Pandya, B.A., LLB (Solicitor)
Nina D. Kapadia, B.A. (Hons.), LLB, M.M.S. (Solicitor)
Chandrakant H. Sanghavi, B.Sc. (Hons.), L.T.C.
Rajnikant R. Dalal, B.Com. (Hons), F.C.A.
Bhavin J. Vakil, M. D. (Radiology), D.M.R.D.
Pravin P. Sanghavi, S.E.O.
Mihir R. Mehta, B.com DAM (Bajaj), MEP (IIM AHD)
Subodh S. Kurdukar, B.com, LLB
Rajiv K. Choksey, B.com

प्रचार के लिए

हर साल की तरह इस साल श्री मुंबादेवी मंदिर में श्री अश्विन नवरात्रि का पर्व सोमवार 26 सितंबर 2022 से शुरू होकर इसका समापन बुधवार 5 अक्टूबर 2022 को दसहरे के दिन होगा। पहले दिन सुबह ५:३० बजे मंगला आरती कर के मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। घटस्थापना उसी दिन सुबह 6:30 बजे से 7:00 बजे के बीच होगी। 25 पंडित 9 दिनों तक मंदिर में प्रतिदिन श्री दुर्गासप्तशती का पाठ करेंगे। मंदिर रोज सुबह 5:30 बजे खुलकर रात 11:00 बजे बंद हो जायेगा। नवमी का हवन मंगलवार 4 अक्टूबर 2022 को सुबह 6:00 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे के बीच पूर्णाहुति के साथ समाप्त होगा। पिछले दो साल से कोरोना की पाबंदियों के चलते श्रद्धालुओं पर कई तरह की पाबंदियां लगाई गई थीं, लेकिन अब कोरोना की लहर थम गई है, जैसा कि गणेशोत्सव के दौरान हर जगह भक्तों की भारी भीड़ थी उसी तरह नवरात्री के दौरान भक्तो की भारी भीड़ होने की संभावना है इसी को ध्यान रखते हुए मंदिर प्रशासन ने सभी सुरक्षा उपायों का अध्ययन किया और उसी के अनुसार योजना बनाई है। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के बाहर एक बड़ा मंडप बनाया गया है, ताकि उन्हें गर्मी का सामना न करना पड़े। भाविकों के लिए मंदिर परिसर में पीने का पानी और ठंडा सरबत भी उपलब्ध कराया गया है। मंदिर में आपात व्यवस्था के तौर पर पांच डॉक्टरों की टीम स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी। साथ ही उत्सव के दौरान स्थायी रूप से मंदिर के बाहर एक एम्बुलेंस को तैनात किया जाएगा। उत्सव के दौरान वैष्णव चैरिटेबल एंड मेडिकल ट्रस्ट के डॉक्टर और एम्बुलेंस मुफ्त सेवाएं प्रदान करेंगे। यह संस्था और मुंबा देवी भक्त मंडल इन दोनों संस्था ओ के 100 स्वयंसेवक दिन भर मंदिर में सेवा देंगे। इसके अलावा स्थानीय लोकमान्य तिलक मार्ग थाना पुलिस भी उत्सव के दौरान विशेष/अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर के सुरक्षा रक्षक की संख्या बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने सुरक्षा रक्षक और स्वयंसेवकों को निर्देश दिया है कि बुजुर्ग/गर्भवती महिलाये तथा जिन भाविकों के हाथ में छोटे बच्चे होंगे उन भाविकों को दर्शन के लिए कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं है और ऐसे भक्तों को प्राथमिकता के आधार पर दर्शन दिए जाने चाहिए। भक्तों को दर्शन के लिए आते समय बड़ा सामान या बैग नहीं लाना चाहिए ताकि अन्य भक्तों को असुविधा न हो। चूंकि श्री मुंबादेवी मुंबई की ग्राम देवी हैं, इसलिए मंदिर प्रशासन ने भक्तों से अनुरोध किया है कि वे उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आएं।

मंदिर ऑफिशल वेबसाइट:- www.mumbadevi.org.in
श्री मुंबादेवी मंदिर (लाइव आरती):- on facebook
Shree Mumbadevi Mandir Charities

श्री हेमंत पु. जाधव
प्रबंधक
मो:- 9820428280/9820128280/7977319254

SHREE MUMBADEVI MANDIR CHARITIES
MUMBAI